दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ▶
3 राजधानी केवल कागजों पर चल रहा...
4 रविवारीय मां से बढ़कर कुछ नहीं ...
8 खेल केकेआर ने बनाये 245...
11 मनोरंजन/व्यापार कृति सेनन की बहन नुपुर...

www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 13 मई, 2018, कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-07 अंक-95 पृष्ठ-12 मूल्य-3.00
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ये अच्छा है। जवानी में पाप करो और बुढ़ापे में प्रायश्चित। स्वर्ग के टिकट की पूरी गारंटी मिल जाती है। भ्रष्ट नेता और तथाकथित बाबा जवानी में गुल खिलाते हैं और बुढ़ौती में अपनी करतूतों की सजा भुगतने जेल पहुंच जाते हैं। फिर अपने उम्र को लेकर हाय तौबा मचाते हैं और दुनिया भर की बीमारी गिनाते हैं। कोर्ट से छूट देने की गुहार लगाते हैं। आसाराम से लेकर चारराम तक ऐसे कई उदाहरण हैं। पैसे और पहुंच के बल पर इनकी आधी सजा तो अस्पताल और पैरोल में कटती है। सही बात है कि समरथ को नहीं दोष गोसाईं।

खास-खबर

कर्नाटक की छह, महाराष्ट्र की चार विप सीटों के लिए आठ जून को मतदान

नई दिल्ली, (वार्ता)। कर्नाटक और महाराष्ट्र विधान परिषदों के द्विवार्षिक चुनाव आठ जून को होंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कर्नाटक विधान परिषद की तीन-तीन तथा महाराष्ट्र विधान परिषद की दो-दो स्नातक एवं शिक्षक सीटों के लिए आठ जून को मतदान होगा। आयोग के अनुसार, चुनाव के लिए 15 मई को अधिसूचना जारी होगी और 22 मई तक नामांकन भरे जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 23 मई को होगी तथा नाम 25 मई तक वापस लिया जा सकता है।

डोभाल ने रुस के साथ की सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार पर चर्चा

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रुस के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा, आतंकवाद, व्यापार और यूरोशियाई आर्थिक संघ में भारत की भागीदारी समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की है। मास्को में भारतीय दूतावास के अनुसार श्री डोभाल 10 मई को विदेश सचिव विजय गोखले के साथ रुस में मास्को की यात्रा पर थे और उन्होंने रुसी सुरक्षा परिषद के

प्रदेश मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	41.4	26.3
बिलासपुर	43.0	27.7
जगदलपुर	36.2	18.4
अंबिकापुर	40.8	24.9

गरमा-गरम

रमन ने सपत्नीक किया विकास यात्रा का आगाज

तीर्थ यात्रा से कम नहीं है यह सफर : रमन

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने सपत्नीक दंतेवाड़ा जिले में विकास यात्रा 2018 शुभारंभ से पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास यात्रा को तीर्थ यात्रा से कम नहीं मानते। उन्होंने कहा कि चूंकि विकास यात्रा मां दंतेश्वरी के चरण स्थल से शुरूआत की जा रही है इसलिए यह यात्रा तीर्थ यात्रा से कम नहीं है।

मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि 2003 में अटलबिहारी वाजपेयी के साथ छत्तीसगढ़ में विकास की शुरूआत करने वाले राजनाथ सिंह आज 2018 में यहां विकास यात्रा की शुरूआत करने आए हुए है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 के पहले छत्तीसगढ़ की स्थिति की बात जब वे विकास यात्रा के दौरान दोहराते है तो इसलिए कि गृहमंत्री राजनाथ सिंह स्वयं परिवर्तन यात्रा में यहां आये थे। उस समय यहां की जनता में भय था। लोग घर से बाहर निकलने को तैयार नहीं **शेष पृष्ठ 8 पर**

नक्सली आदिवासी समाज का सबसे बड़ा दुश्मन : राजनाथ

रायपुर-दंतेवाड़ा (नवप्रदेश)। गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आज छत्तीसगढ़ में डा. रमन सिंह की सरकार ने पिछले 15 सालों में जितने विकास कार्य और जनकल्याण के कार्य किए हैं, वह काबिले तारीफ है। आज छग का पीडीएस सिस्टम न केवल देश में विख्यात है, बल्कि अब विदेश के लोग भी इस सिस्टम को समझने आ रहे हैं। यह न केवल छत्तीसगढ़ के लिए बल्कि देश के लिए भी गौरव की बात है। गांव, गरीब, किसान और समाज के रह वर्ग की चिंता करने वाले ऐसे सरकार की जितनी भी तारीफ की जाए, कम है। उक्त बातें केन्द्रीय

■-बहकावे में न आने के लिए जताया आदिवासी समाज का आभार

■-हर वर्ग की चिंता करने वाले एकलौते सीएम हैं डा. रमन सिंह

दंतेवाड़ा में **शेष पृष्ठ 8 पर**

बुजुर्ग कमला ने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से खिलाया बेर

बड़े किलेपाल (नवप्रदेश)। *कभी शबरी ने श्रीराम को जूठे बेर खिलाये थे, उसी तरह आज मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को 60 वर्षीय महिला कमला नाग ने मुख्यमंत्री को बेर और चार (चिरौंजी) खिलाया। मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह विकास यात्रा के पहले दिन आज बस्तर जिले के बड़े किलेपाल पहुंचे। यंहा आयोजित स्वागत सभा मे ग्राम तुरगुर की कमला नाग ने जंगल से दोने में बेर और चार लेकर आई थी। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री को देने की इच्छा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने यह सुनते ही उन्हें मंच में बुला लिया। मुख्यमंत्री जब बेर लेने के लिए हाथ बढ़ाया तो कमला ने कहा कि वह खुद खिलाएगी। मुख्यमंत्री ने उनका आग्रह स्वीकार किया तो उन्होंने अपने हाथों से मुख्यमंत्री को बेर और चार खिलाया। इससे मुख्यमंत्री भावुक हो गए और श्रीमती कमला के पैर छू लिए और कहा कि उन्हें आशीर्वाद दें। श्रीमती कमला अकेली है। उनके पति का निधन हो गया है उनकी कोई औलाद नही है। श्रीमती कमला के पास चार पांच एकड़ जमीन है, जिसे वह अधिया (रेगहा) में दे रखी है।*

विकास खोजने सुबह साढ़े पांच बजे रमन के गांव पहुंचे पुनिया और भूपेश

रायपुर (नवप्रदेश)। भाजपा की विकास यात्रा के जवाब में विकास खोजो यात्रा के तहत प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया को साथ लेकर प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के गृहजिले के गांव सुरगी सुबह साढ़े पांच बजे पहुंच गए। वैसे तो कांग्रेस की विकास खोजो यात्रा रविवार यानी कि 13 मई से होनी है, लेकिन इससे ठीक एक दिन पहले शनिवार को दोनों नेता विकास की तलाश में निकल पड़े। नेताओं का पहला पड़ाव सीएम रमन सिंह के गृह जिले का गांव सुरगी और उनके सांसद पुत्र अभिषेक सिंह के गोद लिए गांव भोथीपारा खुर्द बना है। यहां कांग्रेस नेताओं के पहुंचने पर ग्रामीणों ने शिकायतों का अंबार लगा दिया। कांग्रेसियों ने आरोप **शेष पृष्ठ 8 पर**

देश में नर्सिंग कर्मियों की संख्या पर्याप्त नहीं : कोविंद

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज कहा कि हाल के वर्षों में देश में पंजीकृत स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या में इजाफा तो हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर यह संख्या पर्याप्त नहीं है। श्री कोविंद ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में नर्सिंग शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों की संख्या बढ़ी है और मार्च, 2017 तक पंजीकृत नर्सों तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या बढ़कर 27 लाख से अधिक हो गई है। इसके बावजूद स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य सेवाओं में नर्सों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की आवश्यकता बढ़ती जा रही है।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2018

222 सीटों पर हुआ 70 फीसदी मतदान

बेंगलुरु (नवप्रदेश)। कर्नाटक में विधानसभा की 224 में से 222 सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हो गया है। निर्वाचन आयोग ने शाम 6 बजे मतदान खत्म होने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि राज्य में अब तक करीब 70 फीसदी मतदान हुआ है। आयोग ने बताया कि इन आंकड़ों में मामूली फेरबदल हो सकता है, क्योंकि 6 बजे तक जो लोग लाइन में लग चुके हैं, उन्हें भी वोटिंग का मौका दिया जा रहा है।

मतदान खत्म होने के साथ ही ढाई हजार से ज्यादा उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। इससे पहले सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे खत्म हुआ। दोपहर के बाद मतदान ने तेजी पकड़ ली। शाम 5 बजे तक करीब 64.5 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में 70.23 फीसदी मतदान हुआ था। अब 15 मई यानी मंगलवार की सुबह 8 बजे से 222 सीटों पर वोटों की गिनती शुरू होगी। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और सीएम सिद्धारमैया ने पीएम मोदी और अमित शाह के अलावा बीजेपी के सीएम कैंडिडेट बीएस येदियुरप्पा को आड़े हाथों लिया। राहुल ने कई मठ और मंदिरों का भी दौरा किया।

नेपाल की सफल यात्रा के बाद स्वदेश पहुंचे मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेपाल की दो दिन की सफल यात्रा आज यहां लौट आये, पालम हवाई अड्डे पर विदेशमंत्री सुषमा स्वराज ने श्री मोदी का अगवानी की। प्रधानमंत्री 11 मई को सुबह नेपाल की यात्रा पर रवाना हुए थे। काठमांडू से नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले श्री मोदी ने अपनी नेपाल यात्रा को सफल और सार्थक करार दिया। प्रधानमंत्री शनिवार सुबह नेपाल के जनकपुर पहुंचे थे जहां नेपाली प्रधानमंत्री के पी ओली ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पूजा-अर्चना..

रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के विकास यात्रा की शुरूआत से पहले दंतेवाड़ा में केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह के साथ मां दंतेश्वरी की पूजा की। इस मौके पर भाजपा के संगठन मंत्री पवन साय, लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, रामप्रताप सिंह, किरण देव, बस्तर सांसद दिनेश कश्यप समेत कई नेता रहे मौजूद रहे।

राज्यों को पूरी तरह ओडीएफ बनाने केन्द्र से मिलेगी भरपूर मदद : उमा

भोपाल, (वार्ता)। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री उमा भारती ने आज कहा कि देश को दो अक्टूबर, 2019 तक पूरी तरह खुले में शौच जाने से मुक्त बनाने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य पूरा करने के लिये राज्यों को केन्द्र सरकार भरपूर वित्तीय सहयोग करेगी। सुश्री भारती ने यहां रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय स्वच्छता पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश को वर्ष 2014 से अब तक तीन हजार 180 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है।

कर्नाटक में कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें, भाजपा दूसरे नंबर पर : पोल

नई दिल्ली। विभिन्न चैनलों के शुरुआती एक्जिट पोल नतीजों के मुताबिक कर्नाटक में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलने का अनुमान नहीं है।

टाइम्स नाऊ-वीएमआर के एक्जिट पोल के मुताबिक कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इसके मुताबिक कांग्रेस को 90-103 सीटें मिलने का अनुमान है. वहीं बीजेपी 80-93 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रहेगी। जेडीएस को 31-39 और अन्य को 2-4 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव के एक्जिट पोल (E&it poll) के अनुमान कुछ देर बाद राज्य में वोटिंग खत्म होने के बाद जारी होंगे।

ओपिनियन पोल में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं

कर्नाटक चुनाव में एग्जिट पोल से पहले आए ओपिनियन पोल में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने की बात कही थी. ज्यादातर ओपोल ने कांग्रेस के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर कर आने का अनुमान व्यक्त किया. हालांकि कुछ चैनलों ने बीजेपी को नंबर-1 के रूप में दिखाया था. सभी ओपिनियन पोल में जेडीएस को तीसरा स्थान मिलने की बात कही गई थी।